



## खबर संक्षेप

### महिला पर प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने महिला पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घायल महिला और आरोपी तुलेश्वर चौहान प्रेम-विवाह कर पति-पत्नी की तरह साथ रहते थे। घटना का कारण आपसी पुराना विवाद बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष दास महंत पिता मंगल दास महंत 32 निवासी तेंदूभाठा थाना घरघोड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी सास श्रीमती संतोषी महंत वर्ष 2011 में तुलेश्वर चौहान निवासी जोंगरा जिला सक्ती से प्रेम विवाह कर उनके साथ रह रही थी। दोनों हाल ही में तेंदूभाठा स्थित उनके घर में मकान निर्माण कार्य में सहयोग करने आए थे। रिपोर्ट के अनुसार 12 मार्च की रात करीब 11 बजे गांव के पड़ोसी ने फोन कर संतोष महंत को सूचना दी कि तुलेश्वर चौहान ने झगड़े के दौरान सब्जी काटने वाले हसिया-परसूल से संतोषी महंत के गर्दन पर वार कर दिया है। परिजनों ने महिला को घरघोड़ा अस्पताल पहुंचाए। संतोष अस्पताल पहुंचा जहां देखा गया कि उसकी सास संतोषी के गर्दन, और दोनों हाथ की उंगलियों में गंभीर चोट लगी थी। परिजनों ने बताया कि पुरानी बात को लेकर आरोपी तुलेश्वर चौहान ने गाली-गलौज करते हसिया से हमला किया। घरघोड़ा पुलिस ने धारा 296, 351,3ए 115,2 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पीड़िता के चिकित्सकीय परीक्षण की रिपोर्ट प्राप्त होने पर मामले में हत्या के प्रयास की धारा 109,1 बीएनएस भी जोड़ी गई।

## एसडीएम को जांच की जिम्मेदारी, प्रमाण पत्र के साथ कलेक्टर को सौंपेंगे रिपोर्ट

# अफीम के पौधे ढूंढने खेतों में पहुंच रहे पटवारी, 19 तक देंगे रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अफीम की खेती की आंच प्रदेश के हर जिले तक पहुंच चुकी है। हालात यह है कि सभी आरआई-पटवारियों को खेतों में अफीम के पौधे ढूंढने के लिए उतार दिया गया है। जिले के सातों ब्लॉक के हर पटवारी अपने-अपने एरिया में खेतों में जाकर सर्वे कर रहे हैं। इसकी रिपोर्ट 19 मार्च तेक देना होगा। ऐसा नहीं है कि केवल एक जांच रिपोर्ट बनाकर दे दिए। रिपोर्ट के साथ एक प्रमाण पत्र भी देना होगा। जिसमें उनके इलाके में किसी तरह की अफीम की खेती नहीं हो रही है। इसकी जिम्मेदारी सभी अनुविभाग के एसडीएम को दी गई है। दुर्ग जिले के ग्राम समोदा झेंझरी, चौकी जेवरा सिरसा थाना पुलगांव में अफीम की अवैध खेती का मामला सामने आने के बाद प्रदेश में हाहाकार मच गया। इसके बाद सरगुजा संभाग के बलरामपुर जिले के दो गांव त्रिपुरी और खजुरी में अफीम की खेती का खुलासा होने के बाद तो एकबारगी प्रदेश में भूचाल जैसी स्थिति निर्मित हो गई। इसके बाद सीएम प्रदेश के सभी जिलों में जांच कराने का निर्देश दे दिया। सीएम के निर्देश के बाद 11 मार्च को संचालक भू- अभिलेख की ओर से कलेक्टर को पत्र लिखा गया। इसमें अवैध रुप से अफीम की खेती की जांच कर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट देने कहा गया। कलेक्टर ने इसकी जिम्मेदारी सभी अनुविभाग के एसडीएम को दी है। एसडीएम ने सभी आरआई और पटवारियों को सर्वे करने कहा है। जिले के सातों ब्लॉकों के हर पटवारी अपने-अपने एरिया में जांच कर रहे हैं। खेतों में जाकर अफीम के पौध तलाश रहे हैं। अब तक कहीं से कोई ऐसी सूचनाएं नहीं मिली है। अमूमन अफीम के पौध को ऐसे जगहों पर लगाया जाता है जहां मक्के की खेती होती है। उसके बीच में इसे लगा दिया जाता है ताकि बाहर से मक्का ही नजर आए। अब तक तीनों मामलों में इसी तरह का खुलासा हुआ है। ऐसे में रायगढ़ जिले के लैलूंगा, धरमजयगढ ब्लॉक में गंभीरता से जांच करने कहा गया है। कारण दोनों ब्लॉक में मक्के की खेती ज्यादा होती है। साथ ही ओड़िशा और उधर सरगुजा यूपी बार्डर लगने की बात कही जा रही है। इसके कारण दोनों ब्लॉक में पूरी गंभीरता से जांच करने कहा गया है।

**खास बात**

- अवैध तरीके से खेती होने की संभावनाओं का देखते हुए ऐसे इलाकों का कर रहे सर्वे




**रबी सीजन में लगी है फसल**

जिले के अधिकांश गांवों में रबी सीजन का फसल लगा है। ऐसे में पटवारियों को खेतों में जाना ही पड़ रहा है। जहां फसल लगी होती है वहां दूर से समझ नहीं आता है। इसके कारण पटवारी हर खेत में जा रहे हैं, जहां फसल लगी है। खास कर ऐसे फसल जो उंचाई में होंती है। मक्का, गन्ना समेत कुछ अन्य फसलें जिनकी उंचाई अधिक होती है।

**सौंपी जाएगी रिपोर्ट**

सर्वे कराने का निर्देश मिला है। तहसीलों में सर्वे जारी है। पटवारियों से प्रमाण पत्र भी लिया जाएगा। कलेक्टर को प्रमाण पत्रों के साथ रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

**महेश शर्मा,** एसडीएम रायगढ़



## कबाड़ के अवैध कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई, 130 टन स्क्रैप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सालों से चल रहे अवैध कबाड़ के कारोबार पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अवैध कबाड़ पर कार्रवाई करते हुए 6 वाहन समेत करीब 83 लाख 52 हजार की अवैध संपत्ति जब्त की गई है।

पुसौर पुलिस ने आर्यन फ्यूल के सामने पुसौर-सरिया मार्ग पर चेकिंग के दौरान दो टाटा 1512 वाहनों को रोका गया। दोनों वाहनों में करीब 19 टन लोहे के टीना का स्क्रैप परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालकों के पास वैध दस्तावेज नहीं था। दोनों वाहनों को सहित स्क्रैप को जब्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। इसी क्रम में शनिवार को पूंजीपथरा पुलिस ने तमनार चौक, तुमीडीह में घेराबंदी कर ओड़िशा सा की ओर से आ रहे चार भारी वाहनों को रोका गया। जांच के दौरान तीन 12 चक्का ट्रकों में आयरन पेललेट्स तथा एक 12 चक्का ट्रक में लगभग 25 टन स्क्रैप लोहे के छड़, मशीनरी पाट्र्स लोड था। चालकों ने स्क्रैप एवं पेललेट्स गोली के दस्तावेज पेश नहीं किया। वाहनों को जब्त कर चालकों के खिलाफ धारा 35,कए ड बीएनएसएस 303,2 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। दोनों थाना क्षेत्र में की 6 कार्रवाई में 3 ट्रकों से 86 टन आयरन पेललेट्स ;कीमत लगभग 6 लाख 20 हजार तथा 1 ट्रक और 2 टाटा वाहनों से 44 टन लोहे का स्क्रैप कीमत लगभग 17 लाख 32 हजार जब्त किया गया।

## डिलीवरी बॉय से मारपीट, युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** गैस ऑफिस में घुसकर डिलीवरी बॉय से मारपीट करने वाले युवक पर चकधरनगर पुलिस ने गैर जमानती धाराओं में कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्रार्थी राजा अग्रवाल 11 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे ऑटो से प्रियदर्शनी एचपी गैस ऑफिस, गैस की होम डिलीवरी करने जा रहा था। इसी दौरान सुभाष चौक के पास एक मोटर साइकिल चालक से साइड देने की बात को लेकर उसकी मामूली बहस हो गई। इसके बाद राजा अपने काम के लिए गैस ऑफिस पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार मोटरसाइकिल चालक उसका पीछा करते हुए गैस ऑफिस तक पहुंच गया और अंदर घुसकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। गैस आफिस के कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। मारपीट करने वाले युवक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम रिहान खान निवासी जिला पंचायत के पीछे छोटे अतरमुड़ा बताया। चक्रधरनगर पुलिस में धारा 296, 115,2ए 333 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## अपर सत्र न्यायालय ने हत्या के आरोपियों को दिया आजीवन कारावास

**घरघोड़ा।** अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने हत्या के आरोप में अभियुक्त गण संजय यादव एवं संजू यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा अर्थ दंड से भी दंडित करने का दण्डा देश दिया। अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला थाना घरघोड़ा के अंतर्गत का है।

19 से 2019 को घरघोड़ा फोकट पारा निवासी प्रार्थी विकास यादव ने थाना घरघोड़ा में उपस्थित होकर अभियुक्त गण संजय यादव एवं संजू यादव के विरुद्ध इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया की सुबह 6 बजे उसे पता चला कि उसके चाचा सहदेव यादव एवं उसके रिश्ते के चाचा रमेश यादव को भोठो मुड़ा तालाब के पास टिकरा में मारपीट किए हैं तथा उन्हें गंभीर चोट आई हैं जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था इसी दौरान घटना के परिणाम स्वरूप आहत सहदेव यादव की मौत हो गई। आहत रमेश के सिर में प्राण घातक चोट आई थी जिसका इलाज पश्चात छुट्टी कर दी गई थी। प्रार्थी की सूचना के आधार पर थाना घरघोड़ा में अपराध पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई विवेचना उपरांत अभियुक्त गण के द्वारा आहत एवं मृतक के साथ मारपीट किए जाने का साक्ष्य मिलने पर तत्कालीन विवेचना अधिकारी उप निरीक्षक एसके दुबे ने प्रकरण की विवेचना उपरांत अभियुक्त गण के विरुद्ध धारा 302, 307, 294, 506/34 भारतीय दंड संहिता के तहत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने प्रकरण के सभी साक्षियों का कथन लेख बद्ध कराया तथा विचरण पूर्ण होने के पश्चात प्रकरण में उभय पक्ष के तर्क श्रवण कर अभियुक्त गण संजय यादव एवं संजू यादव को मृतक सहदेव यादव की हत्या करने तथा आहत रमेश यादव को प्राण घातक चोट पहुंचाने के मामले में सिद्ध दोष पाते हुए धारा 302 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं एक-एक हजार अर्थदंड तथा धारा 307 के तहत 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार का दंडादेश सुनाया।



## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 16, 17 एवं 18 को

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर के द्वारा 16, 17 एवं 18 मार्च 2026 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय, 17 मार्च को आईटीआई कुनकुरी एवं 18 मार्च आईटीआई पत्थलगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजित होगें। प्लेसमेंट कैम्प में श्रमिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड नोएडा संस्था के द्वारा विद्युत मीटर तकनीशियन की रिक्तियां प्राप्त हुई है। आवेदक का कार्यस्थाल जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव है। निर्धारित तिथि को प्रातः 11.30 बजे से आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ निर्धारित स्थान में आकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है।

### आदर्श विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 3 अप्रैल तक

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय जशपुर नगर के शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश की समय सारिणी जारी कर दी गयी है। विद्यालय के प्राचार्य ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्ध शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय में कक्षा 6वीं में 35, 7 वीं में 1और 11 वीं में 8 रिक्त सीटों पर छात्रों के प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कक्षा 6वीं में 28 सीटें अनुसूचित जनजाति, 5 सीटें अनुसूचित जाति और 2 सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए निर्धारित हैं। कक्षा 7 वीं में 1 सीट अनुसूचित जनजाति कक्षा 11 वीं में 7 सीटें अनुसूचित जनजाति, 1 सीट अनुसूचित जाति के छात्रों के रिक्त हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26की समाप्ति पर कुछ छात्रों द्वारा स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मांग करने पर रिक्त सीटों की संख्या बढ़ सकती है। प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र या उनके अभिभावक 3 अप्रैल तक विद्यालय में आकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जिले के सभी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों में भी उपलब्ध हैं। छात्र या अभिभावक जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में भी 3 अप्रैल तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर, कोरबा, जांजगीर, बिलासपुर, मुंगेली और रायगढ़ जिले के छात्र, अपने आवेदन सम्बंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अथवा विद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर या डाक के माध्यम से 3 अप्रैल तक जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 7 अप्रैल को 11 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### बीपी बढ़ने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर अंतर्गत गणेश मोड ग्राम राधाकृष्ण नगर निवासी प्रेणेश मिस्त्री आ. हसपति मिस्त्री (33 वर्ष) 9 मार्च को पत्नी के साथ शादी में शामिल होने ससुराल गया था। 12 मार्च को वापस घर आकर सो गया। इसी बीच युवक का बीपी बढ़ जाने से युवक की हालत गंभीर हो गई। परिजन युवक को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

### पेड़ से टकराई बाइक ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी रामबरन 10 मार्च को शादी के लिए रिश्ता तलाशने रिश्तेदार परषोतम सिंह के साथ ग्राम घुईडीह से ग्राम कछिया बाइक से गए थे। दूसरे दिन दोनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम खैरा के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को बिहारपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत रामबरन सिंह को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल को उपचार जारी है।

## आरबीआर एनईएस पीजी कॉलेज में विद्यार्थी शोधशाला का शुभारंभ

# विद्यार्थियों में शोध दृष्टि विकसित करना ही शैक्षणिक प्रगति का आधार: सिंह

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुरनगर में 13 मार्च से छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान द्वारा वित्त पोषित दो दिवसीय 'विद्यार्थी शोधशाला' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अवगत कराना है।





### अनुसंधान खोज की भावना का निरंतर प्रयास

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, अंबिकापुर के पूर्व कुलपति डॉ.पीपी सिंह थे। उन्होंने अपने प्रभावी उद्बोधन में स्पष्ट किया कि अनुसंधान किसी पर थोपा गया कार्य नहीं होता, बल्कि यह व्यक्ति की जिज्ञासा, खोज की भावना और निरंतर सीखने की इच्छा से प्रारंभ होता है।

## मीसा बंदियों के परिवारजनों ने भी खुले जेल जैसी यातनाएं सहीः उपासने

**जशपुरनगर।** शनिवार को देवेंद्र जैन के सरना टोली स्थित निवास में लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन को लोकतंत्र सेनानी राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिनानंद उपासने ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय जैन के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। सचिनानंद उपासने ने कहा कि वर्ष 1975-77 का दौर देश के इतिहास का काला अध्याय था। उस समय जनसंघ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े अनेक लोगों को जेल में डाल दिया गया था। ऐसे में उनके परिवारजनों पत्नी और बच्चों को भी कई तरह की कठिनाइयों और यातनाओं का सामना करना पड़ा, जो किसी खुले जेल से कम नहीं था। परिवार की ओर से नीतू जैन ने बताया कि स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन को राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने कहा कि



■ लोकतंत्र सेनानी महावीर प्रसाद जैन का नाम सूरज-चांद की तरह अमर रहेगा

उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता और उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी।इस दौरान ज्योति जैन ने अपने पिता स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन की स्मृति में एक गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर देवेंद्र जैन, नमन जैन, नैतिक जैन स्व. महावीर प्रसाद जैन की धर्म पत्नी तारा देवी जैन, मनोज जैन,स्मिता जैन सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से मजबूत होता है संगठन: भानुप्रताप

**जशपुरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा आम जनता की आवाज रही है।




बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यूडी मिंज ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनय भगत, प्रदेश महामंत्री आरती सिंह सहित ब्लॉक अध्यक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष यूडी मिंज ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर जनसंपर्क बढ़ाना होगा। पूर्व विधायक विनय भगत ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाना चाहिए और अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर संगठन को सशक्त बनाना चाहिए।

## सीजीपीएफ पासबुक संधारण को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा विकासखण्ड अंतर्गत सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अधीनस्थ कर्मचारियों की जीपीएफ पासबुक का सही एवं अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया है।

छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि नियमों के अनुसार सही और अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इंदिरा गांधी शासकीय कन्या उ.मा.वि., शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-गाला, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुड़ेग, शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-बागबहार, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतबा, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरंगपानी, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमता, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरेशपुर, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनगांव के शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेखरपुर, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामझोर को ज्ञापन दिया गया है। इसके लिए संकुलवार शिविर आयोजित कर यथाशीघ्र अद्यतन संधारण करने हेतु ज्ञापन दिया गया है। कर्मचारियों की सामान्य भविष्य निधि पासबुक का संधारण समय पर नहीं होने के कारण कर्मचारियों को अपने खाते की अद्यतन जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए एसोसिएशन ने सभी डीडीओ से



आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि नियमों के अनुसार कर्मचारियों की जीपीएफ पासबुक का नियमित एवं सही संधारण सुनिश्चित किया जाए। टीचर्स एसोसिएशन के विकासखण्ड अध्यक्ष धनुराम यादव ने कहा कि यदि पासबुक का संधारण समय पर और सही ढंग से किया जाता है, तो कर्मचारियों को अपने भविष्य निधि की स्थिति की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी तथा भविष्य में किसी प्रकार की वित्तीय या प्रशासनिक समस्या से बचा जा सकेगा। इस अवसर पर एशोसिएशन के जिला सचिव लिलाम्बर यादव, विकास सचिव नित्यानन्द,प्रवक्ता मुकेश पदाधिकारी गजानंद राठिया, पुष्पराज भोई उपस्थित थे।

## 13 लाख में साप्ताहिक मवेशी बाजार की नीलामी, पंचायत की आय वृद्धि

**सरसीवां।** बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गिरसा का प्रसिद्ध साप्ताहिक मवेशी बाजार इस साल 13 लाख में नीलाम हुआ। बीते वर्षों की तुलना में इस बार हुई बोली से पंचायत की वार्षिक आय में लगभग 5 लाख रुपए की वृद्धि हुई है। ग्राम पंचायत गिरसा में 2 मार्च को आयोजित आम नीलामी प्रक्रिया में क्षेत्र सहित दूरदराज से आए कई इच्छुक ठेकेदारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नीलामी के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच रामबाई चौहान, सचिव यशोधरा साहू, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। प्रतिस्पर्धात्मक बोली के बीच 13 लाख की सर्वाधिक बोली को स्वीकृति प्रदान की गई। वही इस आम नीलामी में जिले के कुछ ग्रामीण ठेकेदारों ने रोष व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि जिले में बिलाईगढ़ विकासखंड के एक मात्र मवेशी बाजार ग्राम पंचायत गिरसा के आम नीलामी की सूचना जिले के किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया गया ह। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में यही मवेशी बाजार 7 लाख 85 हजार रुपए में नीलाम हुआ था। इस बार बोली में आई तेज बढ़ोतरी को पंचायत की आर्थिक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह राशि पिछले दस से बारह वर्षों में हुई नीलामी में सर्वाधिक बताई जा रही है। गौरतलब है कि बिलाईगढ़ विकासखंड में गिरसा का यह मवेशी बाजार लंबे समय से पशु व्यापार का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जहां आसपास के कई गांवों से व्यापारी और पशुपालक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इस बार हुई रिकॉर्ड नीलामी से ग्राम पंचायत गिरसा को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा, जिससे ग्राम के बुनियादी विकास कार्यों और जनहित योजनाओं को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।




## अस्पताल के स्वच्छता व चिकित्सा की वास्तविकता जानने पहुंची जांच टीम



**पुसौर।** गठित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक नेशनल क्वालिटी एश्यूरेंस स्टेन्डर्ड टीम द्वारा इन दिनों प्रदेश के सभी शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध चिकित्सा व्यवस्था एवं वहां की स्वच्छता की जांच की जा रही है ताकि वहां की वास्तविकता सामने आए और वहां जो जरूरत होगी उसे पुरा किया जा सके। इसी कड़ी में उक्त जांच टीम प्रमुख डा. अनिल कुमार और डा. निरल कुजूर बीते शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर पहुंचे। इसके पहले बीएमओ डॉ. विनोद नायक द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई थी। जैसे ही दोनों जांच अधिकारी पहुंचे उनका जात्रा पार्टी लेकर स्वागत किया गया और उन्हें उनके उपर फूल से अभिनंदन करते हुए अस्पताल के सभा कक्ष में ले जाया गया। जहां हास्पीटल के लोग मौजूद थे। वहीं नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी एवं उपाध्यक्ष उमेश साव विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। स्वागत की औपचारिकता पश्चात उदबोधन की कड़ी में बीएमओ डा. नायक ने मंचासीन एवं अपने स्वास्थ्य कर्मियों को इंगित करते हुए कहा कि पुसौर हास्पीटल में चिकित्सा सुविधा में लगातार विकास हो रहा है। खासकर संस्थागत प्रसव भी सुगम आपरेशन पर होने लगा है। मोहित सतपथी ने अपने उदबोधन में कहा कि नवरात्रि के दिन यहां एक बालिका का सफल आपरेशन में जन्म हुआ जो हास्पीटल के सफलता को दर्शाता है। इसी तरह उमेश साव ने कहा कि जांच टीम के वास्तविक लक्ष्य और उसके क्रियान्वन पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य से जुडे लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि चिकित्सा एक संवेदनशील मामला होता है जिसे धैर्य के साथ मरीज एवं उसके परिजनों से संवाद करना होता है जिस पर अमल करने की सुनिश्चिता आवश्यक है। अंत में मुख्य अतिथि की आसंदी से दोनों ने क्रमशः पुसौर हास्पीटल की तारीफ तो की वहीं कुछ खामियां भी निकाली।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान एवं अधिकारों पर जागरूकता



**जशपुरनगर।** जीवन झरना विकास संस्था एवं बिहान समूह के तत्वाधान में ब्लॉक कांसाबेल के ग्राम पंचायत चिड़ोरा, पुसरा खुन्टीटोली, नरियरडांड पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में समूह की सदस्य, ग्रामीण महिला, पुरुष, बच्चे एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य खगेन्द्र साय पैंकरा विशिष्ट अथिति के रूप में जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल की संचालिका सिस्टर एनी, भूत पूर्व बीडीसी सारथी, बिहान समूह की सक्रिय महिला अनिता, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नरीयरडांड की प्रधानपाठिका जेनेविभा मैडम, पंचायत के सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, मितानिन, वार्डपंच तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यअथितियों ने कहा कि यह दिन नारी शक्ति और महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने का है महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी -बड़ी लड़ाई का सम्मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है एक महिला केवल एक बेटी, मां या पत्नी नहीं होती वह समाज की नींव होती है आज महिला आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक खेल के हर क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों से भरा हुआ है ताकि उन्हें उनका हक मिल सके और वह पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, स्वालबी, और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भी महिला सशक्तिकरण, शिक्षा,स्वास्थ्य,पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम के अंतिम में सभी उपस्थित महिलाओं ने अपने कला का प्रदर्शन करते हुए ₹महिलाओं को आगे लाओ देश को आगे बढ़ाओं नारा लगाते हुए उन्हें स्वल्पाहाऱ देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ पक्के घर का सपना

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से जिले के ग्रामीण परिवारों का पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित एवं पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँच रहा है।

इसी कड़ी में जशपुर जिले के ग्राम बंगुरकेला निवासी ज्ञानु भगत को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ प्राप्त हुआ है। ज्ञानु भगत ने बताया कि पहले वे अपने परिवार के साथ मिट्टी के छोटे से कच्चे मकान में निवास करते थे। बरसात के मौसम में घर की छत से पानी टपकता था तथा गर्मी के दिनों में दीवारें अत्यधिक तप जाती थीं। साथ ही जहरीले जीव-जंतुओं का भय बना रहता था। घर की बार-बार मरम्मत कराने से उन्हें आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री




आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उन्हें पक्के आवास की स्वीकृति मिली। शासन से प्राप्त राशि में अपनी बचत जोड़कर वे अपने सपनों का घर बना रहे हैं। वर्तमान में मकान का आंतरिक कार्य प्रगति पर है। ज्ञानु भगत ने पक्का आवास मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके परिवार के जीवन में एक बड़ा बदलाव लेकर आया है। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से जिले के अनेक जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास मिल रहा है।

## पांचवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पीएमश्री प्राथमिक शाला बघिमा में कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और भावुक माहौल में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं और छोटे विद्यार्थियों ने कक्षा पांचवीं के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर समारोह को यादगार बना दिया। कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों को तिलक लगाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रवि गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि कक्षा पांचवीं के विद्यार्थी अब नई जिम्मेदारियों के साथ माध्यमिक विद्यालय की ओर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और ईमानदारी के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक सुरेश खलखो ने विद्यालय परिवार की तरफ से सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक मनोहर टोप्पो, रंजिता सारंगी, रूबी प्रियंका खेस, आकांक्षा यादव एवं सभी विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### जिले में लग रहे विशेष पंजीयन शिविर

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन हेतु जिले के सभी विकासखंडों के तहत आने वाले ग्राम पंचायतों में 06 मार्च से 27 मार्च 2026 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। इन शिविरों में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के तहत पंजीयन के साथ-साथ श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित अन्य योजनाओं के पंजीयन एवं नवीनीकरण का कार्य भी किया जाएगा। कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना सामाजिक सुरक्षा का एक मजबूत आधार है। उन्होंने अधिक से अधिक श्रमिकों से शिविरों में पहुंचकर योजना का लाभ लेने की अपील की है। जशपुर विकासखंड अंतर्गत 18 मार्च को पीडी, 19 मार्च को आरा, 20 मार्च को बोकी और 23 मार्च को रातामाटी में आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह विकासखंड मनोरा में 18 मार्च को खरसोता, 19 मार्च को जरिया में 20 मार्च को आस्ता में और 27 मार्च को ईराइ में आयोजित किए जाएंगे।

## लालमती ने मजबूत इरादों के साथ बनाई अपनी खुद की पहचान

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले के गम्हरिया ग्राम की श्रीमती लालमती आज ग्रामीण क्षेत्र की उन प्रेरणादायी महिलाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपने मजबूत इरादों और शासन की योजनाओं के लाभ से अपने जीवन की दिशा बदली है। पहले मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाली लालमती आज सफल उद्यमी के रूप में गांव में एक नई पहचान बना चुकी हैं। श्रीमती लालमती वर्ष 2020 में प्रजापति गौरी स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। वह बताती हैं कि उन्हें जब बिहान योजना के बारे में जानकारी मिली कि इसके माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है, तब उन्होंने समूह से जुड़ने का निर्णय

**खास बात**

■ शटरिंग प्लेट के कार्य का कर रही बेहतर संचालन, निजी भवनों, प्रधानमंत्री आवास भवनों के छतों की ढलाई करने के लिए शटरिंग प्लेट उपलब्ध कराती है



लिया। इसके बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लगे। लालमती ने सबसे पहले उद्योग विभाग से लोन लेकर छत ढलाई में उपयोग होने वाले शटरिंग प्लेट का व्यवसाय शुरू किया। फिर जनवरी 2025 में उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण प्राप्त हुआ, जिसमें साधन संस्था द्वारा तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया गया। आज उनके पास 200 से अधिक शटरिंग प्लेट हैं और इस व्यवसाय से उन्हें अच्छा लाभ हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत वर्तमान में बन रहे आवास से मुझे अधिक से अधिक जगह पर प्लेट्स की मांग है। जिससे मेरी आय में और वृद्धि हुई है। श्रीमती लालमती ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया।



# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा

**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। लेकिन, उसके बाद गिरावट आई।

लाइफ Style

# अनन्या
## खुद को हमेशा कमतर समझा



अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला

# फैशन वीक में फ्लॉन्ट की सोने की अंगूठी



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर जेंडाया, टॉम हॉलैंड के साथ शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच वह पेरिस फैशन वीक में शानदार ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट की है। माना जाता है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी शादी को कंफर्म कर दिया है। उनके फैंस ऑनलाइन यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कपल ने चुपके से शादी कर ली है? जेंडाया ने लूव्र में लुई विटॉन के शो में सफेद रंग की ड्रेस में शिरकत की। शो में उन्होंने जो ज्वैलरी पहनी वह चर्चा का विषय बन गई। जेंडाया ने हाल के दिनों में सगाई की अंगूठी के बजाय एक सादी सोने की अंगूठी पहनी है। इस बात से पता चलता है कि उन्होंने शादी कर ली है। ज्वैलरी एक्सपर्ट पेज नील ने बताया कि जेंडाया ने जो अंगूठी पहनी है वह शादी की अंगूठियों की तरह है। बातचीत में नील ने कहा कि सादी अंगूठियां अक्सर आत्मविश्वास का संकेत होती हैं।



# डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए आरोन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर आरोन पियरे डीसी स्टूडियोज की आने वाली सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में शामिल हो गए हैं। यह फिल्म 2025 की सुपरहिट फिल्म 'सुपरमैन' का सीक्वल है। आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा।



# सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




# मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई

**मुंबई।** रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म नें नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं। वहीं एक ने कहा है- 'जब वी मेट' की याद आ गई।

टीवी मसाला



# एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होंगे इन सेलेब्स के खास शोज

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी इस साल की बड़ी रिलीज की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत शिखर धवन का शो बैटलग्राउंड सीजन 2, नसीरुद्दीन शाह की मेड इन इंडिया और संजय कपूर की अब होगा हिसाब रिलीज होंगी। शिखर धवन की अगुवाई वाला शो 'बैटलग्राउंड सीजन 2' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसमें भारत के जबरदस्त फिटनेस के दीवाने और प्रोफेशनल एथलीट जीत के लिए संघर्ष करेंगे। नए सिरे से बने 'बैटलग्राउंड हाउस' में एक ही छत के नीचे 16 कंटेस्टेंट होंगे। इस शो के निर्देशक उत्तम डोमाले, दीपदत्त पांडे और नेहा सेठ हैं। दिव्येंदु शर्मा और भावना अरोड़ा की अदाकारी वाला शो 'वेटिंग है' इसी साल रिलीज होने वाला है। इसकी कहानी एक रेलवे पुलिस फोर्स के जवान के आस-पास घूमती है, जो तत्काल टिकट पाने की जद्दोजहद के दौरान, करोड़ों के एक घोटाले का पर्दाफाश करता है। इसके निर्देशक समीर विध्वंस होंगे। सनी हिंदुजा और मीरा चोपड़ा की अदाकारी वाली सीरीज 'विमल खन्ना' इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके निर्देशक साकेत चौधरी और अभिनव सीकर हैं। इसमें एक ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो हालात का मारा है और रक्षक' बन जाता है। दर्शकों को इसका इसका इंतजार है। क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर की अदाकारी वाली सीरीज 'रक्तांचल 3' एक पॉलिटिकल-क्राइम सीरीज है।

## सीआईडी के मेकर्स ने मुझे अचानक निकाला

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक क्राइम सीरीज सीआईडी का हर कोई फैन रहा है। इसका नया सीजन आया लेकिन लोगों के बीच उतना हाइप क्रिएट नहीं कर सका, जितना इसके पुराने और ओरिजनल एपिसोड्स और कलाकारों ने किया था। एसीपी प्रद्युमन, दया, फ्रेड्रिक्स, डॉक्टर सालुंखे, डॉक्टर तारिका, पूर्वी समेत कई किरदारों के अलावा, इसमें इंस्पेक्टर काजल भी थीं, जिनका किरदार 'अनुपमा' एक्ट्रेस जसवीर कौर ने निभाया था। उन्होंने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक दिन उन्हें अचानक शो से निकाल दिया गया और उन पर आरोप लगाए गए। उनके मुताबिक, उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और अचानक शो छोड़ने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन्होंने 7 साल तक स्ट्रगल किया और कैमियो के अलावा इनकम टैक्स रिटर्न से गुजारा किया। मुझे ऑफिस बुलाया गया और अचानक से कहा गया कि मेरा तौर-तरीका नहीं सही था। और मैंने बिना डायलॉग्स के स्क्रिप्ट भी ले ली थी।



# तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद-कृति-रश्मिका की मूवी

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6



भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी। फिर एक हफ्ते बाद 19 जून को 'कॉकटल 2' आएगी और उसके एक हफ्ते बाद 26 जून को अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'वेलकम टू जंगल' बॉक्स ऑफिस पर धप्पा बोलेगी।

# इस वीकएंड ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का

**नई दिल्ली।** फिर वीकएंड आ गया है! कुछ लोग अपने काम निपटाएंगे। कुछ दोस्तों के साथ मुलाकात और पार्टी करना पसंद करेंगे। मगर, एंटरटेनमेंट के शौकीन अपने पसंदीदा सिनेमा का लुत्फ उठाएंगे। बढ़ती गर्मी के बीच अगर थिएटर जाने का मन नहीं है और घर बैठे ही कुछ बढ़िया देखना है तो इस वीक की ओटीटी लिस्ट चेक कर लीजिए। इस बार काफी दिलचस्प विकल्प हैं।

### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत यह फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे लेकर काफी विवाद रहा था। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत रही। अब 'द ताज स्टोरी' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह फिल्म 13 मार्च 2026 से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम हो रही है।

## रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज



### एस्पिरेंट्स सीजन 3

लोकप्रिय सीरीज एस्पिरेंट्स के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए। अब यह सीरीज अपने तीसरे सीजन के साथ आ रही है। टीवीएफ की यह चर्चित सीरीज 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीजन डीएम अभिलाष (नवीन कस्तूरिया) की सफलता के बाद की चुनौतियों को दिखाएगा। साथ ही, संदीप ओहलान के आरोपों के बाद की जांच और रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव पर बेस्ड है। नवीन कस्तूरिया, सनी हिंदुजा और अभिलाष थपलियाल इसमें अहम रोल में नजर आएंगे।

### पूकी

फिल्म पूकी फरवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह भी ओटीटी पर आ रही है। इस फिल्म में जेन जी के रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया है। वीकएंड पर इस फिल्म को देख सकते हैं। यह 13 मार्च 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

### फंकी

अगर आप कुछ कॉमेडी से भरपूर देखना चाहते हैं तो इस वीकएंड आप 'फंकी' देख सकते हैं। यह साउथ की कॉमेडी फिल्म है। यह शुक्रवार 13 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

### जूटोपिया 2

एनिमेटिड फिल्म 'जूटोपिया' का दूसरा पार्ट यानी 'जूटोपिया 2' भी इस वीकएंड की लिस्ट में शामिल है। इसे बच्चों के साथ बैठकर वीकएंड पर देखा जा सकता है। यह 11 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है।

## 15 मार्च को डॉल्बी थिएटर में होना ऑस्कर 2026 का आयोजन

# थप्पड़ से लेकर कपड़े उतारने तक की घटनाएं रहीं विवादित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्कर 2026 का आयोजन 15 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होना है। लेकिन, भारत में इस अवॉर्ड समारोह को सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। फैंस इस समारोह का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑस्कर को फिल्म जगत का सबसे मशहूर समारोह माना जाता है। लेकिन, ऑस्कर में कई ऐसे विवाद भी हुए हैं, जो काफी चर्चाओं में रहे।

### जब गलत फिल्म का हुआ अनाउंसमेंट

2017 में बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में 'मूनलाइट' फिल्म को अवॉर्ड दिया जाने वाला था। हालांकि, अवॉर्ड प्रेजेंटर्स को जो लिफाफा मिला, उसमें फिल्म 'ला ला लैंड' का नाम लिखा गया था। अनाउंसमेंट होने के बाद प्रेजेंटर्स ने सही नाम की घोषणा कर माफी मांगी थी।

### विल ने होस्ट क्रिस रॉक को जड़ा थप्पड़

2022 में ऑस्कर सबसे ज्यादा चर्चा में विल स्मिथ द्वारा क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारने के चलते चर्चाओं में से सुर्खियों में रहा था। क्रिस ने विल स्मिथ की पत्नी के गंजे सिर पर मजाक किया था। कुछ देर बार विल स्मिथ को फिल्म 'किंग रिचर्ड' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने मंच पर एकेडमी से माफी मांगी, लेकिन उन्होंने क्रिस रॉक के लिए कुछ नहीं कहा।



### मार्लन का चोरी हो गया ऑस्कर

1954 की फिल्म 'ऑन द वॉटरफ्रंट' के लिए मार्लन ब्रांडो को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था, जो उनके घर से चोरी हो गया था। कुछ समय बाद 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को यही अवॉर्ड अमेरिकन फाइनेंसर जो लो ने तोहफे में दिया। जो लो ने लियोनार्डो की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ द वॉल स्ट्रीट' में पैसे लगाए थे।

### लियोनार्डो ने लौटाया अवॉर्ड

जब जो लो पर धोखाधड़ी के केस की जांच बैठी और उनकी संपत्ति जब्त हुई तो लियोनार्डो को ये अवॉर्ड अधिकारियों को लौटाना पड़ा। जो लो ने अधिकारियों को बताया कि ये अवॉर्ड एक ऑक्शन में 6 लाख डॉलर (5.2 करोड रुपए) में खरीदा था।

### कोरिन ने स्टेज पर उतारे कपड़े

साल 2021 के ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर ही कपड़े उतार दिए थे। उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए ऐसा किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे।

### एड्रियन ने हैल को स्टेज पर किया किस

साल 2003 में अमेरिकी अभिनेता एड्रियन ब्रूडी ने स्टेज पर एक्ट्रेस हैल बेरी को किस कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, ब्रूडी को फिल्म 'दि पियानिस्ट' के लिए ऑस्कर मिला था। अवॉर्ड देने के लिए स्टेज पर जब अभिनेत्री हैल बेरी आईं तो अभिनेता ने उन्हें किस कर लिया।

### सेरेमनी से पहले चोरी हुईं 55 ऑस्कर ट्रॉफी

साल 2000 में ऑस्कर समारोह से 20 दिन पहले 55 ट्रॉफी से भरा ट्रक चोरी हो गया था। जल्दबाजी में सेरेमनी के लिए नई ट्रॉफी बनवाई गईं। कुछ दिनों बाद एक शख्स को कचरे के ढेर में 52 ऑस्कर ट्रॉफी मिली थीं। बची हुई 3 में से एक ट्रॉफी ड्रग रेड में मिली, लेकिन बाकी 2 ट्रॉफी आज भी लापता हैं। रिकवर हुईं सभी ट्रॉफी को नष्ट कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### तमनार का अब होगा कायाकल्प

**रायगढ़।** औद्योगिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तमनार को सुव्यवस्थित, आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर ने तमनार पहुंचकर नगर के विभिन्न चौक चौराहों, बाजार क्षेत्र सहित अन्य प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने तमनार के सर्वांगीण विकास के लिए अधिकारियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चतुर्वेदी ने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि तमनार को सुंदर, सुव्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप में विकसित करने के लिए समग्र कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके अंतर्गत प्रमुख चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण, बाजार क्षेत्र के सुव्यवस्थापन तथा आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि तमनार एक महत्वपूर्ण औद्योगिक नगर है और यहां का व्यवस्थित विकास होने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने अधिकारियों से नगर के विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि तमनार को एक बेहतर और व्यवस्थित नगर के रूप में विकसित किया जा सके।

### कुमुद बाई कर रही है मुर्गी और गौपालन

**रायगढ़।** कभी घर की चारदीवारी तक सीमित रहने वाली धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम बांझीआमा की श्रीमती कुमुद बाई आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गई हैं। शासन की महत्वाकांक्षी बिहान योजना ने उनके जीवन को नई दिशा और नया आत्मविश्वास दिया है। कुमुद बाई सूरज महिला स्व सहायता समूह से जुड़ीं। धीरे धीरे उन्होंने घर की चौखट पार कर समाज और समूह के साथ कदम मिलाकर चलना शुरू किया। आज वे न केवल स्वयं बैंक जाकर अपने काम पूरे कर लेती हैं, बल्कि समूह की अन्य महिलाओं को भी बैंक से जुड़े कार्यों में मदद करती हैं। स्व सहायता समूह में नियमित बचत और आपसी सहयोग ने कुमुद बाई को आर्थिक रूप से मजबूत बनने की राह दिखाई। उन्होंने 70 हजार रुपये का ऋण लेकर मुर्गीपालन का कार्य शुरू किया। इसके साथ ही उन्होंने लगभग 40 हजार रुपए की लागत से अंडों से चूजे निकालने वाली मशीन खरीदी। इस मशीन में एक बार में करीब 60 अंडे रखे जा सकते हैं, जिनसे निर्धारित समय के बाद चूजे निकलते हैं। इससे उनकी आय में धीरे धीरे वृद्धि होने लगी और उनके हौसले को नई उड़ान मिली।

### भूगोल के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**घरघोड़ा।** शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा के प्राचार्य डॉ. पीके अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष देवांगन के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय के बीए अंतिम वर्ष भूगोल के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कालेज में प्रतिवर्ष भूगोल विषय के विद्यार्थियों को भौगोलिक, पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक स्थलों के प्रत्यक्ष अध्ययन हेतु शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता हैए जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ साथ व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त हो सके। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष दिनांक 11 मार्च को महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत तुर्री धाम, कोटमी सोनार, कानन पेंडारी, खूंटाघाट बांध तथा रतनपुर के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में बीए अंतिम वर्ष भूगोल विषय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक बड़ी बस की व्यवस्था की गई थी। भ्रमण का शुभारंभ सुबह 5 बजे महाविद्यालय परिसर से हुआ। सभी विद्यार्थी अत्यंत उत्साह और जिज्ञासा के साथ इस शैक्षणिक यात्रा में सम्मिलित हुए। भ्रमण की प्रथम कड़ी में विद्यार्थियों ने तुर्री धाम का दर्शन किया, जो भगवान शिव का एक प्रसिद्ध और आस्था का केंद्र है। यहां स्थित प्राकृतिक वातावरण तथा नदी तट का दृश्य अत्यंत मनमोहक और रमणीय था, जिसने सभी विद्यार्थियों को विशेष रूप से आकर्षित किया।

---

तमनार में आयोजित शिविर में पहुंचे कलेक्टर, स्टॉलों का निरीक्षण कर लिया जायजा

# उम्मीद और विश्वास के साथ आवेदन लेकर शिविर में पहुंच रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आम नागरिकों के लिए समाधान का प्रभावी मंच बनकर सामने आया। यहां लोग केवल आवेदन लेकर ही नहीं, बल्कि उम्मीद और विश्वास के साथ पहुंचे थे। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही मंच पर उपस्थित रहे और आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। योजनाओं का लाभ मिलने पर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

**खास बातें**

- अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के दिए निर्देश

शिविर में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी स्वयं पहुंचे और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। शिविर में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और आमजनों से आवेदन प्राप्त किए गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं के समाधान और विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में पहुंचे। कई मामलों में मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई।महिलाओं, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय शिविर में सभी विभागों के अधिकारी एक ही मंच पर उपस्थित रहते हैं जिससे कई ऐसे कार्य जो सामान्यतः जिला मुख्यालय जाकर कराने पड़ते हैं, वे यहीं आसानी से संपन्न हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।



स्टॉल का निरीक्षण करते कलेक्टर।



### हितग्राहियों को किया गया सामग्री वितरण

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। मत्स्य विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को मछली पकड़ने के जाल तथा 2 हितग्राहियों को आइस बॉक्स वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को जैविक कीटनाशक और मृदा हेल्थ कार्ड प्रदान किए गए। जनपद पंचायत तमनार द्वारा 11 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 7 हितग्राहियों को पेंशन प्रमाण पत्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई।

### सविता को मिला मछली पकड़ने का जाल

शिविर में योजनाओं का लाभ मिलने पर हितग्राहियों ने खुशी जाहिर की। हितग्राही सविता सिदार ने मछली पकड़ने का जाल प्राप्त होने पर कहा कि पहले मत्स्य व्यवसाय में काफी कठिनाई होती थी, लेकिन अब जाल मिलने से उनके काम में सहूलियत होगी। हितग्राही हरिशंकर साहू ने पेंशन प्रमाण पत्र मिलने पर शासन प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं हितग्राही समारू राम ने कहा कि उन्हें मिली छड़ी उनके लिए सहारा बनेगी। शिविर के दौरान आमजनों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया।

---



# न्यायालय ने पत्नी के हत्यारे को सुनाई 7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने हत्या के मामले में आरोपी भीष्म तूरी को 7 वर्ष के सश्रम करावास की सजा सुनाई। एक हजार जुर्माने से दण्डित करने का दण्डा देश सुनाया। अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि थाना कापू अंतर्गत ग्राम कुंभी चूंआ निवासी मृतिका माना बाई के भाई धनीराम तुरी ने 3 फरवरी 2022 को थाना कापू में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया की 2 फरवरी 2022 की रात ग्राम कुंभीचूंआ में उसकी दीदी माना बाई जीजा भीष्म तुरी एवं उनकी माता तिलाई बाई आंगन में आग जलाकर ताप रहे थे।

इसी दौरान आरोपी भीष्म तूरी एवं उसकी पत्नी माना बाई के मध्य खाना सब्जी बनाने की बात को लेकर विवाद होने लगाए विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में आकर भीष्म तूरी ने जलता हुआ अंगेठा उठा कर अपनी पत्नी माना बाई के सिर में प्राण घातक हमला कर दिया जिससे माना बाई वही घायल हो कर गिर गई और तत्काल वहीं पर उसकी मृत्यु हो गई। उक्त सूचना के आधार पर थाना कापू में मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना पूर्ण होने पर आरोपी भीष्म तूरी को अपनी पत्नी माना बाई की हत्या करने के मामले में धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा मामले में विचारण के दौरान प्रकरण के सभी साक्षियों के बयान लेख बद्ध कराए गए तथा उभय पक्ष के तर्क श्रवण कर प्रकरण में गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए आरोपी भीष्म तूरी को उसकी पत्नी का गैर इरादतन तरीके से हत्या करने के कारण धारा 302 के स्थान पर धारा 304 भाग 2 के तहत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक हजार के अर्थ दंड से दंडित करने का दण्ड आदेश दिया। न्यायालय ने मृतिका माना बाई के आश्रितों को क्षतिपूर्ति दिए जाने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण को विधिवत कार्यवाही किए जाने की अनुशंसा की है। प्रस्तुत मामले में राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा।

---

# महिला समूह ने सौंपा ज्ञापन शराब बंद कराने की मांग

**कटेली।** ग्राम हिच्छा में शराब बिक्री बंद कराने की मांग को लेकर गांव की सैकड़ों महिलाएं सिटी कोतवाली पहुंचीं। महिलाओं ने नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव में शराबबंदी लागू कराने की मांग करते हुए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि गांव के माध्यमिक स्कूल हिच्छा में स्वीपर के पद पर पदस्थ सम्पत लाल चौहान द्वारा गांव में अवैध रूप से शराब बनाई और बेची जा रही है। महिलाओं का कहना है कि उन्होंने कई बार उसे शराब बनाने और बेचने से मना किया, लेकिन इसके बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। महिलाओं के अनुसार सम्पत लाल चौहान के खेत से शराब बनाने की सामग्री भी मिली है। इतना ही नहीं, महिलाओं के समझाने पर वह उन्हें गंदी गंदी गालियां देता है और मारपीट की धमकी भी देता है। महिलाओं का आरोप है कि वह यह भी कहता है कि थाने में चले जाओ, पुलिस भी मेरा कुछ नहीं कर सकती। गांव की महिलाओं ने यह भी बताया कि शराब पीने वाले लोग गांव के स्कूल आने जाने वाले बच्चों और छात्राओं पर भी गलत नजर रखते हैं, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है, कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है।




### खबर प्रकाशित होने के बाद पूरा हुआ नाली निर्माण

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 2 में प्राइमरी स्कूल से सुन्दरलाल घर तक नाली न निर्माण कर उसका राशि आहरण करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिस पर नगर पंचायत पुसौर ने संज्ञान लेते हुए जांच की और वास्तविक सामने आई। नगर पंचायत द्वारा उक्त नाली का नव निर्माण किया जा रहा है जो अब पूर्णता की ओर है। ज्ञात हो उक्त नाली सहित कई बिन्दुओं को लेकर पार्षद ओकेश बेहरा द्वारा शिकायत की गई थी जिसकी पुष्टि हुई और खबर प्रकाश में आया। शिकायत में मिट्टी डालने के बजाय संबंधित काम आज धरातल में मुर्तरूप में देखा जा सकता है। मालूम हो कि साल 2022-23 में उक्त नाली का 3 लाख 8 हजार भुगतान हो गया था।

---

# कहीं किराए तो कहीं उधारी के भवन में संचालित हो रहा आंगनबाड़ी केंद्र




**भेजी गई है जानकारी**

> जर्जर भवनों की जानकारी उच्च कार्यालय को पहले ही भेज दी गई है। जल्द ही मरम्मत कार्य होने की उम्मीद है।
>
> **खुर्शीद बानो खान**
> **परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास बरमकेला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बरमकेला ब्लॉक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। शासन स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा और पोषण योजनाओं को लेकर बड़े बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

बरमकेला और लेंधरा परियोजना के अंतर्गत संचालित कई आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन जर्जर हो चुके हैं, जिससे छोटे बच्चों की सुरक्षा और उनके समुचित विकास को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। भवनों की खराब स्थिति के कारण कई जगह आंगनबाड़ी केंद्रों को मजबूरी में किराये के मकानों में संचालित किया जा रहा है, तो कई जगह शासकीय स्कूलों के कमरों में कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इससे आंगनबाड़ी में संचालित होने वाली प्री स्कूल शिक्षा, पोषण आहार वितरण और अन्य गतिविधियों के संचालन में भी दिक्कतें आ रही हैं।

### नीति में महत्व, जमीन पर बदहाल व्यवस्था

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया है। नीति के अनुसार आंगनबाड़ी बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव मानी जाती है, जहां से उनके शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास की शुरुआत होती है। लेकिन बरमकेला विकासखंड में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी भवनों का जर्जर होना इस नीति की मंशा पर ही सवाल खड़े करता नजर आ रहा है। जब शुरुआती शिक्षा की बुनियाद ही कमजोर होगी तो आने वाली पीढ़ी के भविष्य को लेकर चिंता होना स्वाभाविक है।

### कई गांवों में जर्जर हो चुके आंगनबाड़ी भवन

बरमकेला परियोजना के अंतर्गत बरमकेला के तीन, डभरा, भंवरपुर, कारीघाठी, सरिया के तीन, पंचधार, महाराजपुर, छेवारीपाली, बड़ेनवापारा, कोतरा, कोसमदही, बरपाली, मुंगरीपाली, लोधिया, बरगांव, दादरपाली, छोटेनवापारा, लुकापारा 2 और सांकरा 2 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन जर्जर हो चुके हैं। इसी प्रकार लेंधरा परियोजना के अंतर्गत भी 19 आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति जर्जर बताई जा रही है, जिससे वहां कार्यकर्ताओं और बच्चों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। परियोजना अधिकारी, लेंधरा सरोज गुलजार ने बताया कि परियोजना में 142 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 19 भवन जर्जर हो चुके हैं। इनके संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था किराए के मकानों और कुछ शासकीय विद्यालयों में की गई है।

### ग्रामीणों में नाराजगी

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत नहीं होने के कारण उनकी हालत लगातार खराब होती जा रही है। कई बार जिम्मेदार विभाग को जानकारी देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

**फैक्ट फाइल (बरमकेला ब्लॉक)**

| | | |
|---|---|---|
| कुल आंगनबाड़ी केंद्र | - | 339 |
| बरमकेला परियोजना | - | 157 |
| जर्जर बरमकेला परियोजना | - | 23 |
| लेंधरा परियोजना | - | 142 |
| जर्जर लेंधरा परियोजना | - | 19 |
| कुल जर्जर आंगनबाड़ी | - | 42 |

---

# 108 सेवा ठप, पार्षद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सरसींवा।** आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली 108 एम्बुलेंस सेवा के सरसीवां क्षेत्र में सुचारु रूप से उपलब्ध नहीं होने से बढ़ती जनसमस्याओं को लेकर सरसीवां पार्षद प्रदीप शर्मा ने जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्या के त्वरित निराकरण की मांग की है।

ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि सरसीवां शासकीय अस्पताल आसपास के लगभग 45 से 50 गांवों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्य करता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण मरीज उपचार के लिए यहां पहुंचते हैं। किंतु दुर्घटना, प्रसव पीड़ा अथवा अन्य गंभीर परिस्थितियों में अस्पताल में 108 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पार्षद शर्मा ने कहा कि आपात स्थिति में समय ही जीवन होता है, क्षेत्र में आये दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है और ऐसे में एम्बुलेंस सेवा का अभाव कई बार मरीजों के लिए गंभीर संकट का कारण बन जाता है। मजबूरी में परिजनों को निजी वाहनों या अन्य असुविधाजनक साधनों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे न केवल समय की हानि होती है बल्कि आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सरसीवां जैसे विस्तृत ग्रामीण क्षेत्र में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ होना केवल सुविधा नहीं, बल्कि जनजीवन की सुरक्षा से जुड़ा अनिवार्य दायित्व है।




> सरसीवां स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध 108 एम्बुलेंस वाहन में इंजन की तकनीकी खराबी आने के कारण उसके सुधार में कुछ समय लग रहा है। आगामी 4-5 दिनों के भीतर वाहन उपलब्ध होते ही सेवा पुनः सुचारु रूप से शुरू कर दी जाएगी।
>
> **संजीव शर्मा**
> **जोनल मैनेजर**

---

# चंद्रपुर विधायक ने कराया विधानसभा भ्रमण



**चंद्रपुर।** विधायक रामकुमार यादव ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अपने क्षेत्र के लोगों को लोकतंत्र के सबसे बड़े मंच विधानसभा की कार्यप्रणाली से परिचित कराने का सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में चंद्रपुर नगर के शशिपुर क्षेत्र से देवांगन समाज के लोगों को विधानसभा भ्रमण कराया गया। विधायक के मार्गदर्शन में समाज के सदस्यों ने विधानसभा भवन का अवलोकन किया और सदन की कार्यवाही को नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त किया।

सभी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत किया और उनका विशेष ध्यान रखा। समाज के लोगों को भोजन की व्यवस्था कराई गई तथा उन्हें जंगल सफारी का भी भ्रमण कराया गया। इस दौरान सभी ने पूरे उत्साह के साथ विधानसभा की कार्यवाही को देखा और लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने का अवसर प्राप्त किया। देवांगन समाज के प्रबुद्धजनों ने बताया कि विधायक श्री यादव ने जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ उनका स्वागत कियाए वह उनके लिए एक यादगार अनुभव रहा।

### कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी

**रायगढ़।** जिले के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज तमनार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल परिसरए उपचार कक्ष, दवा उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया।

### पीएम आवास निर्माण में लापरवाही, दो पंचायत सचिवों को नोटिस

रायगढ़। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर जनपद पंचायत लैलूंगा के ग्राम पंचायत चिराईखार के पंचायत सचिव श्याम लाल सिदार एवं ग्राम पंचायत बैस्कीमुड़ा के पंचायत सचिव अशोक कुमार पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत वैस्कीमुड़ा में कुल 131 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 128 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि प्राप्त हो चुकी है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
हवाई मार्ग Ex-लखनऊ (09 दिन) 2,80000/-(+5% GST)
कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त, 08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त